



## एक नजर में

### नर्मदा नदी के संजय सेतु पुल पर दर्दनाक जोरदार एक्सीडेंट, युवक की मौत



**कसरावद, निप्र।** नर्मदा नदी के संजय सेतू पुल पर दर्दनाक हादसे में युवक की मौत हो गई है। बलकवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत खलटाका पुलिस चौकी क्षेत्र में संजय सेतु पुल पर अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मनीष पिता नानुराम राठौर 35 वर्ष निवासी सायता नावड़ातोड़ी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी भीषण थी की वाहन चालक बाइक सवार को 200 मीटर तक घसीटता ले गया। सूचना पर एएसआई अशोक नय्यर सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची। और शव को पोस्टमार्टम के लिए कसरावद सामुदायिक केंद्र भिजवाया।

### माहेश्वरी समाज के चुनाव संपन्न, अजमेरा अध्यक्ष और राठी सचिव निर्वाचित



**सनावद, निप्र।** समाज के उत्थान एवं विकास के लिए माहेश्वरी समाज की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। मुरली मनोहर मंदिर में सोमवार रात्रि को हुई बैठक में सर्वसम्मति से शिरीष अजमेरा को अध्यक्ष एवं मधुसूदन राठी को सचिव चुना गया। चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष शिरीष अजमेरा ने बताया कि समाज में निर्विरोध चुनाव की परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है। वर्ष 2026 से 2029 तक तीन वर्षों के लिए यह कार्यकारिणी गठित की गईहै। आगामी समय में समाज द्वारा अनेक धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जो समाज को नई दिशा देंगे।

**नवीन कार्यकारिणी इस प्रकार है:-** उपाध्यक्ष: गोविन्द जाखेटिया, सहसचिव: आदित्य चोखड़ा, कोषाध्यक्ष: अनिल पलोड, प्रचार मंत्री: आयुष परवाल, संगठन मंत्री: जितेश गट्टानी, खेल मंत्री: अंकित मुंदड़ा। नवीन कार्यकारिणी के गठन पर सभी समाजजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

### गोदावरी-नर्मदा जलयात्रा का महेश्वर के अहिल्या घाट पर आज होगा समापन



**महेश्वर, निप्र।** महाराष्ट्र शासन के अंतर्गत महाराष्ट्र कृष्णा-घाटी (कृष्णा व्हॅली) निगम तथा गोदावरी- घाटी (गोदावरी व्हॅली) निगम के द्वारा 'गोदा ते नर्मदा, पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी जलयात्रा-2026' का आयोजन 25 अप्रैल 2026 से शुरू हुआ है। इस जलयात्रा का शुभारंभ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा त्र्यंबकेश्वर (जिला- नाशिक), एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा ग्राम चोंडी (अहिल्यादेवी होलकर का जन्मस्थल) से शुरुवात की गई थी। गोदावरी तट से प्रारंभ हुई 'गोदा से नर्मदा, पुण्य श्लोक अहिल्यादेवी जलयात्रा-2026' का भव्य समापन 29 अप्रैल 2026 को महेश्वर में संपन्न होगा। यह यात्रा महाराष्ट्र के 5 जिलों एवं मध्य प्रदेश के 3 जिलों से भ्रमण करते हुए लगभग 30 नदी घाटियों का जल एवं ग्राम चोंडी (जन्मस्थल) की पवित्र मिट्टी लेकर महेश्वर पहुंचेगी। इस यात्रा में लगभग 500 जलयात्री सहभागी होंगे। समापन समारोह महेश्वर किले के ऐतिहासिक अहिल्या घाट पर शाम 6:00 बजे होगा।० इस अवसर पर महाराष्ट्र एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, महाराष्ट्र के जलसंसाधन मंत्री, राजस्व मंत्री, राज शिष्टाचार मंत्री, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के सांसद एवं विधायकगण सहित कई गणमान्य उपस्थित रहेंगे। महाराष्ट्र शासन के अंतर्गत आयोजित इस जलयात्रा का उद्देश्य जलसंरक्षण के प्रति जन जागरण तथा पुण्य श्लोका अहिल्यादेवी होलकर के जलप्रबंधन से जुड़े कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है। इस आयोजन को लेकर महेश्वर के अहिल्या घाट पर जिला प्रशासन द्वारा भव्य तैयारिया सोमवार और मंगलवार को की गई वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस प्रशासन भी अपनी तैयारी में जुड़ गया है।

### भीषण गर्मी में शीतल और स्वच्छ पेयजल के लिए स्कूल को दिया वॉटर कूलर



**मंडलेश्वर, निप्र।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धरगांव में आज विद्यार्थियों की सुविधा के लिए एक सराहनीय पहल की गई। भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालय में स्वच्छ एवं ठंडे पेयजल की व्यवस्था हेतु लायंस क्लब देवी अहिल्या महेश्वर के सहयोग से वाटर टैंक एवं और श्रीमती लता सुरेश जोशी द्वारा वाटर कूलर भेंट किया गया, वहीं स्वर्गीय श्रीमती विमला पूनमचंद वर्मा की स्मृति में आर ओ प्रदान किया गया। जिससे विद्यार्थियों को शुद्ध पेयजल सुलभ हो सकेगा। कार्यक्रम में ग्राम के समाजसेवी श्री सबल सिंह पटेल, श्री योगेंद्र सिंह मंडलोई एवं पिंटू योगेंद्र सिंह मंडलोई विशेष रूप से उपस्थित रहे। लायंस क्लब महेश्वर से श्रीमती प्रियंका गुजराती, क्लब अध्यक्ष श्रीमती ज्योति मंडलोई, श्रीमती मंजिला दुबे, श्रीमती तस्नीम नाजनीन एवं श्रीमती सुजाता कोठारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य श्रीमती प्रियंका चौहान ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योगदान केवल एक मशीन का दान नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य में किया गया महत्वपूर्ण निवेश है। उन्होंने बताया कि गर्मी के इस मौसम में ठंडा एवं स्वच्छ पानी विद्यार्थियों के लिए बड़ी राहत एवं सुविधा प्रदान करेगा। इस अवसर पर बीआरसी श्री संतोष बरफा एवं बीईओ श्री रामलाल चौहान द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई। विद्यालय परिवार की ओर से श्रीमती प्रिया केसरे, श्रीमती विमला कानूनगो, श्री विकास पाटीदार, आर.सी.मिश्रा, संजय पटेल जन शिक्षक अर्जुन सिंह चोयल बलराम डावर सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**खरगोन, निप्र।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा संगम (रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिशिप मेला) का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 05 मई 2026 को प्रात: 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, खरगोन में सम्पन्न होगा। युवा संगम में विभिन्न निजी कम्पनियों द्वारा प्रत्यक्ष भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही शासकीय विभागों एवं ऋण प्रदाता संस्थाओं द्वारा स्वरोजगार से संबंधित योजनाओं, ऋण सुविधाओं एवं मार्गदर्शन की जानकारी युवाओं को प्रदान की जाएगी, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यालय प्रभारी श्री राजपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस युवा संगम में 8वीं से स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं आईटीआई उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवक भाग ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ शैक्षणिक योग्यताओं की अंकसूचियां, रिज्यूम/सीवी, रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्रमाण, समग्र आईडी (अनिवार्य), अन्य प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियां तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य रूप से लेकर उपस्थित हों।

# सीएम जलूद में आज करेंगे सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण

## नगर निगम इंदौर ने 271 करोड़ रुपए की लागत से किया संयंत्र स्थापित




**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव खरगोन प्रवास के दौरान आज मंडलेश्वर अनुभाग के जलूद में 60 मेगावाट क्षमता का कैप्टिव सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण करेंगे। स्वच्छ और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंदौर नगर निगम द्वारा इस अत्याधुनिक संयंत्र को भारत सरकार की CPSU Phase-II (Tranche-II) योजना के अंतर्गत लगभग 271 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित किया गया है। यह परियोजना न केवल इंदौर को कार्बन न्यूट्रल शहर बनाने की दिशा में बड़ा कदम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी।

**लागत, वित्तपोषण और तकनीक:-** ग्राम समराज व आशुखेड़ी में स्थित इस परियोजना की कर रहित कुल लागत 271.16 करोड़ रुपए है, जिसमें 10 वर्षों की O&M राशि सम्मिलित है। परियोजना हेतु इंदौर नगर निगम को लगभग ?42 करोड़ रुपए की वायबिलटी गैप फंडिंग तथा ?244 करोड़ रुपए पब्लिक ग्रीन बॉण्ड के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। इस परियोजना का निर्माण 210.84 एकड़ भूमि में किया गया है तथा यह अत्याधुनिक DCR (Made in India) Mono PERC तकनीक पर आधारित है।

**स्वच्छ और हरित ऊर्जा को बढ़ावा:-** परियोजना से उत्पादित विद्युत का उपयोग जलूद पंपिंग स्टेशन एवं ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशनों के संचालन में किया जाएगा। संयंत्र का वार्षिक अनुमानित उत्पादन लगभग 9.73 करोड़ यूनिट है। इस संयंत्र की कमीशनिंग 03 मार्च 2026 को सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुकी है तथा मार्च माह में ही 66 लाख यूनिट उत्पादन से इंदौर नगर निगम को लगभग 3.6 करोड़ रुपए की बचत हुई है। परियोजना से मासिक बचत ?3 से 4 करोड़ रुपए अनुमानित की गई है। यह परियोजना स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता लाने के साथ पर्यावरण संरक्षण व कार्बन उत्सर्जन में कमी की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

### आज 4 बजे एस कुमार ग्राउंड पर लैंड करेंगे मुख्यमंत्री डॉ यादव

**मंडलेश्वर, निप्र।** प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव आज 04 बजे मंडलेश्वर स्थिति महेश्वर परियोजना के बड़वाह धामनोद रोड स्थिति परियोजना गेट के पास बने मैदान पर हेलिकाफ्टर से उतरेंगे। इसके बाद में छोटी खरगोन स्थिति इंदौर पेयजल परियोजना केम्पस में सोलर प्लांट का उद्घाटन करेंगे। पश्चात मुख्यमंत्री (महेश्वर प्रोजेक्ट)एस कुमार स्थित हनुमान मंदिर के पास मैदान में एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे। सभा के बाद मुख्यमंत्री महेश्वर में देवी अहिल्या की 300 वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस के साथ शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के गोंद से एक धार्मिक यात्रा भी महेश्वर आ रही हैं जो महाराष्ट्र की पवित्र नदियों का जल लेकर महेश्वर पहुंचेगी। मुख्यमंत्री की यात्रा को लेकर कल से तैयारियां चल रही थी



कल जिला प्रशासन की प्रमुख कलेक्टर श्रीमती भव्या मित्तल पुलिस अधीक्षक राकेश वर्मा नगर निगम इंदौर के आयुक्त सहित स्थानीय प्रशासन के अधिकारी और नगर निगम के अधिकारी जुटे हुए थे।

## गौ सम्मान अभियान में महिलाओं ने निकाली रैली

**भीकनगांव, निप्र।** गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत भीकनगांव में गौवंश संरक्षण को लेकर एक रैली निकाली गई जो कि शंकर मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर एसडीम ऑफिस पर समाप्त हुई जहां पर गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिए जाने एंव उससे संबंधित केंद्रीय कानून बनाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भीकनगांव के द्वारा नायब तहसीलदार श्री राठौर को सोपा गया रैली के प्रारंभ में शंकर मंदिर पर महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार की शपथ ली गई। मोहनी एकादशी पर शंकर मंदिर में सभी महिलाओं ने संकल्प लिया प्लास्टिक की थैली में अनाज नहीं फेंकेंगे रोटी खिलाने से धर्म नहीं होता उसकी सेवा उसकी दवाई उसके लिए पानी इससे धर्म होता है। अत: उसका भी ध्यान रखेंगे। इसके बाद वहाँ उपस्थित नगर की महिलाएं श्रीमती जूही जैन के नेतृत्व में एकत्रित होकर एसडीम ऑफिस पहुंची इस रैली में नगर के विभिन्न




संगठन पत्रकार गण सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

एसडीएम ऑफिस में दिए गए ज्ञापन का वचन रजनीश निंबालकर ने किया एवं जूही जैन ने नायब तहसीलदार राठौर से अनुरोध किया की गौ रक्षा के सम्मान में हमारा यह अनुरोध शासन के मुख्य पदाधिकारी मुख्यमंत्री राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री तक पहुंच कर गौतम मन में सहयोग प्रदान करें। इस आयोजन मे दीप ज्योति पब्लिक स्कूल की प्राचार्या प्रियंका जैन सर्व ब्राह्मण समाज की महिला अध्यक्ष श्रीमती दीपाली चौबे रिकी जैन प्रिती सेन शीतल सैन एल्डरमेन मंजु शुक्ला राखी सोनी अग्रवाल समाज की महिलाएं रविराज पटेल मनोज बिरला कालूराम धनगर जयपाल मीणा सचिन सगर तथा मुख्य रूप से लालखेडा आश्रम के संत श्री तेजस्वी जी महाराज उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय लक्ष्मी नारायण यज्ञ शुरू

**महेश्वर, निप्र।** सनातन धर्म में यज्ञ को जीवन का आधार, आध्यात्मिक शुद्धि और देवताओं से संबंध स्थापित करने का प्रमुख माध्यम माना गया है। यह द्रव्यं देवता त्याग: अर्थात देवताओं के लिए त्याग के सिद्धांत पर आधारित है। इसका उद्देश्य पर्यावरण की शुद्धि,मानसिक शांति, और निष्काम कर्म की शिक्षा देता है। इसी भाव को लेकर नर्मदा तट पर बने की प्राचीन नृसिंह मंदिर में तीन दिवसीय लक्ष्मी नारायण यज्ञ प्रारंभ हुआ। यज्ञ का उद्देश्य देवताओं की कृपा प्राप्त करता है। इसीलिए सनातन में यज्ञ ही प्रधान माना गया है।

**यज्ञ से श्रेष्ठ कुछ भी नहीं:-** अंगारा ऋषि की तपोभूमि पर मां नर्मदा संस्कृत पाठशाला के 21वें वार्षिकोत्सव के तीन दिवसीय अनुष्ठान के तहत मंगलवार को वेद पाठ, जल यात्रा, पंचांग कर्म ,मंडप प्रवेश ,मंडल पूजन , अग्नि स्थापना के साथ लक्ष्मी नारायण यज्ञ प्रारंभ हुआ। तीन दिवसीय अनुष्ठान के प्रमुख



यजमान पंडित देवेंद्र शर्मा व श्रीमती सुषमा शर्मा ने उज्जैन के विद्वान यज्ञाचार्य पंडित युगल किशोर पण्ड्याजी वैदिक पूजन के साथ वेद मंत्रों से स्वाहाकार प्रारंभ करवाया। पंडित युगल किशोर पण्ड्याजी ने बताया कि यज्ञ प्रकृति का पूरक माना गया है। श्रीमद् भागवत गीता में बताया गया है कि सभी प्राणी अन्य से उत्पन्न होते हैं। सृष्टि चक्र के अनुसार भोजन से जीवों का विकास, वर्षा से अन्न का और यज्ञ से श्रेष्ठ वर्षा होती है इसलिए यज्ञ से श्रेष्ठ कुछ भी नहीं है। यहां यज्ञ का तात्पर्य है निष्काम भाव से किए गए कर्तव्य का पालन है ना की केवल अग्निहोत्र से। पंडित जी आते हैं कि मनुष्य द्वारा किए जाने वाला हर कार्य यज्ञ कहलाता हैं । जैसे निद्रा लेना समाधि है, चलना ही प्रदीक्षिणा है, हर शब्द भगवान की स्तुति है। जब व्यक्ति अपनी आत्मा को परमात्मा एवं बुद्धि को देवी स्वरूप मानकर कर्म करें तो उसके द्वारा किया गया हर कार्य इस संसार में यज्ञ कहलाता है।

## मोमाई माता स्थापना दिवस पर छाया भक्ति का उल्लास, निकली शोभायात्रा



**खरगोन, निप्र।** पाल क्षत्रिय गड़रिया समाज की कुल देवी मोमाई माता स्थापना दिवस पर मंगलवार को भक्ति का उल्लास छाया रहा। सुबह से देरशाम तक गडरिया मंदिर क्षेत्र में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। सुबह माता मंदिर विराजित देवीश्री का पूजन, श्रृंगार किया गया। इसके बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

समाज के महिला-पुरुषों, बच्चों ने माता के जयकारे लगाए। माता को क्षेत्र में सुसज्जित रथ में विराजित कर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा के दौरान रास्तेभर विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारियों ने स्वागत- सत्कार किया। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए पुन: मंदिर स्थल पहुंची।

**धर्मशाला की मिली सौगात:-** समाज अध्यक्ष अजय पाल ने बताया माता महोत्सव के दौरान समाजजनों को धर्मशाला की सौगात भी मिली। दोपहर में दोपहर में सामाजिक कार्यक्रम के दौरान बतौर अतिथि विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने धर्मशाला का लोकार्पण कर समाज को समर्पित की। इस दौरान नवीन धर्मशाला में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को विधायक सहित समाज के वरिष्ठजनों ने पुरस्कृत किया। दोपहर में समाजजनों के लिए भंडारा प्रसादी का आयोजन भी हुआ। जिसमें समाजजनों ने देवीश्री दर्शन के बाद प्रसादी ग्रहण की।

## लेपा प्रोजेक्ट में निर्माण कंपनी ने रोकी राशि कलेक्टर से की अनियमितता की शिकायत



**खरगोन, निप्र।** जिले के लेपा प्रोजेक्ट में तकनीकी धोखाधड़ी, गलत जूलॉजिकल रिपोर्ट एवं स्काईलार्क कंपनी द्वार किए जा रही अनियमितताओं की शिकायत कलेक्टर कार्यालय पहुंची है। यह शिकायत दानिश कंस्ट्रक्शन से जुड़े अशफाक खान ने जनसुनवाई में करते हुए कलेक्टर से मामले में जांच की मांग की है।

शिकायतकर्ता खान ने जनसुनवाई में सौंपे आवेदन में बताया कि लेपा प्रोजेक्ट शासन की महत्वकांशी योजना है। इस में करोड़ों रुपए का खर्च किया जा रहा है। लेकिन इस प्रोजेक्ट में जूलॉजिकल रिपोर्ट में अधिकारियों ने शासन को भ्रमित किया है। गलत रिपोर्ट के चलते अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ेगा। खान ने आरोप लगाया कि विपरीत परिस्थितियों में कार्य पूर्ण करने के बाद भी निर्माण कंपनी के इंजीनियरिंग ने मुझ आवेदक को टर्मिनेट कर दिया और करोड़ों रुपए की राशि भी हड़पी जा रही है। कलेक्टर से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## नर्सिंग छात्रों को 4 वर्ष से नहीं मिली छात्रवृत्ति



**खरगोन, निप्र।** जिले में नर्सिंग छात्रों के भविष्य पर समय पर परीक्षाएं नही होने के साथ ही छात्रवृत्ति नही मिलने से आर्थिक बोझ बढ़ता रहा है। प्रवेश के बाद वर्षों से पाठ्यक्रम अधूरे पड़े हैं, परीक्षाएं समय पर हो नही रही। वहीं अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित छात्रों को पिछले 4 वर्षों से छात्रवृत्ति भी नहीं मिली है। आर्थिक तंगी के कारण फीस चुकाने के लिए कर्ज लेना पड़ा और कई छात्राएं पढ़ाई छोड़ने की कगार पर हैं।

मंगलवार को छात्रवृत्ति पोर्टल शुरु कराने की मांग को लेकर छात्र-छात्राएं कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां कलेक्टर को मांग पत्र सौंपा। छात्र अरुण यादव, योगेश, चेतन आदि ने बताया कि वे सत्र 2020-21 से नर्सिंग कोर्स में अध्ययनरत है। यह कोर्स 2025 तक पूरा करने की उम्मीद है। लेकिन बार-बार रोकी जा रही परीक्षाओं के चलते अब तक कोर्स पुरा नही हुआ है। इतना ही नही चार साल से छात्रवृत्ति भी नहीं मिली है और वह अपने वार्षिक खर्चों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे है। जिसमें किराए और कॉलेज की फीस के लिए रुपये शामिल हैं। हजारों रुपए का खर्च परिवार पुरा नही कर पा रहा है, वहीं युवा अवस्था होने के बावजूद डिग्री पुरी नही होने से रोजगार भी नही मिल पा रहा। हम अंशकालिक नौकरियों की तलाश कर रहे हैं, लेकिन काम और पढ़ाई को संतुलित करना मुश्किल है। हालात यह है कि पढ़ाई छोडना मजबुरी बन रहा है। छात्रों ने बताया हाल ही में लंबे समय बाद पोर्टल खुला था।

**एक नजर में** — कोल्ड स्टोरेज में किसान अपनी मिर्ची की उपज और व्यापारी खरीदी हुई मिर्ची को लंबे समय तक स्टॉक कर सकेंग : विधायक बिरला

# विधानसभा क्षेत्र को विकसित करेंगे एग्रीकल्चर हब के रूप में

**नवभारत न्यूज**

**सनावद, निप्र।** विपुल प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर बड़वाह विधानसभा क्षेत्र को एग्रीकल्चर हब के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे क्षेत्र के कृषि उत्पादों को वैश्विक पहचान मिलेगी और बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा। यह जानकारी देते हुए विधायक सचिन बिरला ने बताया कि बड़वाह विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख बैड़िया,बड़वाह एवं सनावद की कृषि उपज मंडियों को सर्वसुविधा संपन्न बनाने के लिए प्रदेश के कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम से भोपाल में विस्तृत चर्चा की और तीनों मंडियों की आवश्यकताओं से अवगत कराया।

विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा तीनों मंडियों के विकास और विस्तार को लेकर की गई समस्त घोषणाओं को जल्दी ही अमलीजामा पहनाया जाएगा और लगभग 50 करोड़ रु की लागत से तीनों मंडियों में आवश्यक सुविधाएं जुटाई जाएंगी।

**बैड़िया की नवीन मिर्ची मंडी का विस्तार:-** विधायक ने बताया कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि प्रदेश सरकार ने बैड़िया मिर्ची मंडी के विस्तार हेतु अतिरिक्त 9 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की अधिसूचना जारी की है। इस प्रकार नवीन मिर्ची मंडी का दायरा लगभग 43 एकड़ हो जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप मंडी बोर्ड के संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने बैड़िया मिर्ची मंडी में एक विशाल कोल्ड स्टोरेज के निर्माण के लिए आश्वस्त किया है। कोल्ड स्टोरेज में किसान अपनी मिर्ची की उपज और व्यापारी खरीदी हुई मिर्ची को लंबे



समय तक स्टॉक कर सकेंगे। इससे किसानों और व्यापारियों के आर्थिक लाभ में वृद्धि होगी। विधायक ने कहा कि एशिया महाद्वीप की दूसरी सबसे बड़ी बैड़िया मिर्ची मंडी के क्षेत्र विस्तार और कोल्ड स्टोरेज के निर्माण से बैड़िया कस्बा निश्चय ही निमाड़ क्षेत्र का औद्योगिक हब के रूप में पहचान बनाएगा। मुख्यमंत्री ने गत वर्ष जून माह में बैड़िया आगमन पर मिर्ची मंडी में वाहनों के सुगम आवागमन हेतु नवीन कृषि उपज मंडी एवं पुरानी मिर्ची मंडी में सड़क निर्माण को मंजूरी प्रदान की थी। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं के अनुरूप नवीन मिर्ची मंडी का भूमि समतलीकरण कार्य,तीन हाईराईज शेड निर्माण,मंडी में अतिरिक्त सीसी रोड निर्माण, रिटेनिंग वाल एवं बाउंड्रीवॉल का निर्माण,तीन ट्रॉली शेड का निर्माण, नवीन भूमि पर विद्युतीकरण कार्य,मंडी प्रांगण में पर्याप्त जल आपूर्ति हेतु पाईप लाईन की स्थापना,मंडी प्रांगण में प्याऊ का निर्माण, मवेशियों के पेयजल हेतु टंकियों का निर्माण,स्टोन पिचिंग,शौचालय निर्माण का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होगा। विधायक ने बताया कि राज्य शासन द्वारा एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत खरगोन जिले में मिर्ची की फसल को एक जिला एक उत्पाद घोषित किया गया है। बैड़िया मिर्ची मंडी में मिर्ची व अन्य फसलों के विक्रय हेतु बड़ी संख्या में छोटे बड़े वाहनों का आवागमन होता है। विधायक ने बताया कि बैड़िया मंडियों तक किसानों की उपज के सुचारु परिवहन हेतु तीन सड़कों बेड़िया मंडी से नहर होते हुए ग्राम डाल्याखेड़ी तक 3.50 किमी लंबी सड़क,बेड़िया मंडी के समीपस्थ ग्राम डुडगांव में मयाचंद के खेत से गुलाबचंद दोगायां के खेत तक लगभग 2 किमी लंबी खेत सड़क निर्माण एवं ग्राम डुडगांव के हुकुम मंडलोई के खेत से पूजन लाल्या के खेत तक 2.50 किमी लंबी खेत सड़क का निर्माण किया जाएगा।